## खबर संक्षेप

### मुख्य न्यायाधीश पर हमले की निंदा

करनाल जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष डॉ राजेश वैध वाल्मीकि ने



कहा की दलित समाज पर बढ़ रहे अत्याचार व इस देश के सबसे बड़े संवैधानिक पद पर आसीन मुख्य न्यायाधीश वी आर गवई पर हमले को लेकर करनाल कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कल शाम 05 बजे करनाल मे अंबेडकर चौक के पास मशाल जुलूस एवं रोष प्रदर्शन निकाला



### मेहंदी स्पर्धा में वंशिका नितिका ने मारी बाजी

शाहबाद। रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा ने सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहाबाद मारकंडा के सहयोग से को-प्रोजेक्ट के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता विद्यालय प्रांगण में बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। ग्रुप-1 में वंशिका ने प्रथम, वंशिका ने द्वितीय, दीक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि पूर्वी को सांतवना पुरस्कार मिला। ग्रुप-2 में नितिका ने प्रथम, सिमरन ने द्वितीय, सोनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और शगुन को सांतवना पुरस्कार दिया गया।

### फसल अवशेष प्रबंधन पर चेतना रैली आयोजित

कुरुक्षेत्र। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव बलाही में फसल अवशेष प्रबंधन पर जागरुकता के लिए चेतना रैली का आयोजन किया गया। खंड कृषि अधिकारी थानेसर डॉ विनोद कुमार ने बताया कि उपायुक्त के निदेर्शानुसार डॉ कर्मचद, उपनिदेशक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कुरुक्षेत्र के मार्गदर्शन में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव बलाही में फसल अवशेष प्रबंधन के महत्व पर जागरूकता फैलाने के लिए एक चेतना रैली का आयोजन किया गया।

### सड़क पर सामान रखा तो होगा जब्त : अरविंद

कुरुक्षेत्र। नगरपरिषद के सचिव अरविंद कुमार ने कहा कि त्यौहारी सीजन को देखते हुए बाजारों में अतिक्रमण न हो और लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना न करना पड़े इसके लिए नगर परिषद की टीम द्वारा दुकानदारों को सचेत करने के साथ-साथ सामान जब्त करने की चेतावनी भी दी जा रही है। नपा सचिव अरविंद कुमार ने बताया कि अब त्यौहारी सीजन शुरू हो चुका है और देखने में आया है कि कई दुकानदार अपना सामान बाहर सडकों पर रख लेते हैं जिसके कारण वाहन चालकों व पैदल चलने के लिए रास्ता ही नहीं बचता नतीजन बाजारों में जाम की स्थिति पैदा हो जाती है।

### 10 शोधार्थी पीएचडी उपाधि के पात्र घोषित

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 10 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किए गए शोधार्थियों में गृह विज्ञान विभाग से श्वेता गोयल व अदिति वोहरा, कैमिस्ट्री से प्रीति रानी व आरजू, इलेक्ट्रॉनिक साइंस विभाग से प्रियंका नौटियाल, अप्लाईड जियोफिजिक्स से अभिषेक आदि शामिल है।

### बरसात से हुए नुकसान का मुआवजा दे सरकार

कुरुक्षेत्र। जाट धर्मशाला में आयोजित जजपा जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष ब्रज शर्मा ने शिरकत की। ` पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि पहले बाढ़ और अब बेमौसम बरसात के कारण हरियाणा के किसान परेशान हैं।

---

## डीएवी पीजी कॉलेज में महात्मा गांधी के विचारों पर कार्यक्रम

# महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और त्याग का सिद्धांत आज भी प्रासंगिक : प्रो. सैनी

- कार्यक्रम क्रम में बेहतरीन प्रस्तुति देने वाले छात्र सम्मानित
- अर्थशास्त्र की निकीता को प्रथम, शैलजा को दुसरा स्थान

गांधी के दर्शन का उपयोग आज की वैश्विक चिंताओं मानवाधिकार, सतत विकास, जलवायु परिवर्तन, नशाखोरी, मिलावटखोरी, सामाजिक-राजनीतिक अस्थिरता, युद्ध और शांति, आतंकवाद, प्रशासनिक भ्रष्टाचार से जुड़ी चिंताएं के समाधान के लिए आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डीएवी पीजी कॉलेज में अर्थशास्त्र और इतिहास विभाग की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित वर्तमान में महात्मा गांधी के विचारों की प्रासांगिकता विषय पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलपति और कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ रामपाल सैनी ने कहा कि वर्तमान में हम जिस तरह की संस्कृति और जीवनशैली के साथ आगे बढ़ रहे हैं, वहां बहुत सी समस्याएं हमारे सामने पैदा हो गई है।

विकास के साथ सामाजिक परिवेश का संतुलन भी जरूरी है, जो राष्ट्र और नागरिकों के विकास के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांधी के दर्शन का उपयोग आज की वैश्विक चिंताओं मानवाधिकार, सतत विकास, जलवायु परिवर्तन, नशाखोरी, मिलावटखोरी, सामाजिक-राजनीतिक अस्थिरता, युद्ध और शांति, आतंकवाद, राजनीतिक और प्रशासनिक भ्रष्टाचार से जुड़ी चिंताएं के समाधान के लिए आवश्यक है।




करनाल। डीएवी पीजी कॉलेज में महात्मा गांधी के विचारों पर आधारित कार्यक्रम को संबोंधित करते प्राचार्य प्रो. रामपाल सैनी।

### जताई चिंता

आज वैश्विक स्तर पर युद्ध जैसे हालातों से तीसरे विश्व युद्ध की स्थिति बनती जा रही है। भारत ने हमेशा शांति का संदेश दुनिया को दिया है। गांधी जी सत्य, अहिंसा और त्याग, तपस्या के सिद्धांत पर बल देते थे जिसमें सम्पूर्ण मानव जाति का कल्याण है। आज की दुनिया में जहां संघर्ष, युद्ध और हिंसा व्याप्त हैं, वहां अहिंसा शांति, संवाद और समझ के माध्यम से विवादों को सुलझाने का गांधीवादी दृष्टिकोण बहुत ही महत्वपूर्ण है।

### कार्यक्रम में प्राचार्य को पुष्प गुच्छ देकर किया सम्मानित

प्राचार्य प्रोफेसर डॉ रामपाल सैनी ने कहा कि हमें उनके सिद्धांतों, शिक्षाओं और उनके द्वारा समय-समय पर देश हित में किए गए कार्यों से प्ररेणा लेकर आगे बढना चाहिए तभी हम आज बुराइयों का अंत कर स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोगी होंगे। इतिहास विभाग की अध्यक्षा डॉ सुलोचना नैन और अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा डॉ मीनाक्षी कुंडू ने प्राचार्य को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विषय पर बेहतरीन प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों में से एमए अर्थशास्त्र की निकीता को प्रथम, शैलजा को दुसरा तथा मुस्कान को तीसरा स्थान हासिल हुआ। खुशी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। सभी को प्राचार्य ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। निर्णायक की भूमिका में डॉ सुनील व राजबीर कौर मुख्य रूप से मौजूद रहे। केशवी ने मंच संचालन किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अतिरिक्त अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।



तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेती अग्र समाज की महिलाएं

# रैंप वॉक और डांस में महिला विंग का जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

अग्रवाल सभा की ओर से करवा चौथ के पर्व के उपलक्ष्य में महिला विंग द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अग्रवाल सभा से जुड़ी काफी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। समारोह में सेलिब्रेशन के लिए महिलाएं सज धज कर पहुंची। कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र गेम्स, रैंप वॉक, डांस रहा। इस कार्यक्रम में शहर की काफी अग्रवाल समाज की महिलाओं ने हिस्सा लेकर करवा चौथ के आयोजन में उमंग के रंग भर दिए। इस दौरान रंग-बिरंगे और आकर्षक परिधानों से सुसज्जित और सोलह श्रृंगार किए हुए महिलाएं बेहद खूबसूरत नजर आ रही थीं।

### पंजाबी गानों पर थिरकी महिलाएं

ढोल की थाप और हिंदी व पंजाबी गीतों की धुनों पर महिलाओं ने जमकर ठुमके लगाए अपनी-अपनी मेहंदी दिखाते हुए डांस किया और तंबोला सहित अन्य कई मनोरंजक गेम्स का आनंद भी लिया। महिला विंग की प्रधान रेणु सिंगला ने कहा कि यह आयोजन करवा चौथ पर्व के उपलक्ष्य में हुआ। यह त्यौहार अपने पति की लंबी उम्र के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम के समापन पर सभी महिलाओं को गिफ्ट भी बांटे गए। कार्यक्रम मे सभा की ओर चाट, टिक्की, गोलगप्पों व पूरी कचौरी व्यंजनों के स्टाल लगाये गये। जिसका महिलाओं खाकर आनंद लिया। अग्रवाल सभा महिला विंग की प्रधान रेनू बाला, प्रीति मित्तल, सुनैना गोयल, रूचि, ममता, अंजू बंसल, अन्नू, नीतू, रेखा गोयल आदि रहीं।

---

# अग्रकुल सेवा संस्था करनाल के आयोजन में मुम्बई के प्रसिद्ध कलाकार देंगे प्रस्तुति

- महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रकुल सेवा संस्था करनाल द्वारा 12 अक्तूबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रकुल सेवा संस्था करनाल द्वारा 12 अक्तूबर को सायं डॉ. मंगलसेन ऑडिटोरियम में एक सजीव नाटक का मंचन किया जाएगा। इस नाटक के माध्यम से महाराजा अग्रसेन के जीवन चरित्र, शिक्षाओं व समाजवाद के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।



तरावड़ी। कार्यक्रम को लेकर अग्रकुल सेवा संस्था के पदाधिकारी बातचीत करते हुए।

### संस्था के प्रधान विनोद गुप्ता ने की समीक्षा

सेक्टर-8 स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित बैठक में संस्था के प्रधान विनोद गुप्ता ने तैयारियों की समीक्षा की और जयंती समारोह की विभिन्न ड्यूटियां लगाईं। उन्होंने बताया कि मुंबई के प्रसिद्ध फिल्मी कलाकार महाराजा अग्रसेन के जीवन से जुड़े प्रसंगों-जैसे इंद्र युद्ध, महाभारत युद्ध, महालक्ष्मी वरदान और एक रुपया-एक ईंट जैसे सिद्धांतों को सजीव रूप में प्रस्तुत करेंगे।इस कार्यक्रम के प्रकल्प प्रमुख रमन बसंल, अंकुर गुप्ता, मोहित गोयल और आशीष गुप्ता होंगे। रमन बसंल ने जानकारी दी कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर भारत प्रमुख पवन जिंदल उपस्थित रहेंगे।

# 2029 में भाजपा का सूपड़ा होगा साफ : चौटाला

- कांग्रेस नेता ने भाजपा पर लगाया बिहार में 60 लाख वोट कटवाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कांग्रेस द्वारा भाजपा को वोट चोर ग्द्दी चोर के आरोपों को सही बताते हुए कहा कि भाजपा देश के संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में 60 लाख वोट साफ कर दिए गए हैं। वह आज जजपा नेता एवं एवं प्रदेश सचिव रमेश सिद्धपुर के निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस पर स्वयं सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए कहा है कि



तरावड़ी। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

यदि गलती पाई गई तो पूरा प्रोसेस कैंसल हो सकता है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इस मामले की पूरी तरह से निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। दुष्यंत चौटाला ने हरियाणा में भाजपा सरकार का फेलियर बताते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश का किसान प्राकृतिक आपदा के कारण पूरी तरह से बर्बाद हो गया है। प्रदेश के किसानों की लाखों हेक्टेयर भूमि पर खड़ी फसल बर्बाद हो गई है और भाजपा सरकार मुआवजे के नाम पर एक शब्द तक नहीं बोल पा रही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी तो जापान घूम रहे है और किसान मंडियों में आंसू बहा रहा है। किसान की धान पूरी तरह से अचानक बारिश से बर्बाद हो गई है।

### भाजपा झूठे वायदे और प्रलोभन वाली पार्टी

देकर सत्ता पर काबिज हुई है। लेकिन 2029 में भाजपा का सूपड़ा पूरी तरह से साफ हो जाएगा। भाजपा द्वारा जजपा का जनाधार खिसकने के आरोपों के सवाल पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जनाधार किसका खिसकेगा और किसका बढ़ेगा, इसका जवाब प्रदेश की जनता 2029 में देगी। प्रदेश में बढ़ते अपराध के सवाल पर दुष्टयंत चौटाला ने कहा कि अब तो नौबत यह आ गई है कि छोटे शहरों में भी ग्रेनेड मिलने लगे हैं। हरियाणा में बड़े-बड़े गैंग सक्रिय है। सरेआम लोगों के कत्लेआम हो रहे है। भाजपा सरकार ने बदमाशों के आगे घुटने टेक दिए हैं। इस अवसर पर जजपा के प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, जिला अध्यक्ष गुरुदेव सिंह रंबा, विनोद रायुपर आदि रहे।

---

# निर्यात अधिक होने से बढ़ती है अर्थव्यवस्थाः लाठर

- आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर जिलाध्यक्ष ने ली प्रकोष्ठ संयोजकों एवं प्रमुखों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान के अतंर्गत स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में जिला के सभी प्रकोष्ठों के संयोजकों एवं विभाग प्रमुखों की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में मुख्य तौर पर जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर के अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा,घरोंडा के पूर्व विधायक रमेश कश्यप, जिला




करनाल। जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए।

महामंत्री सुभाष कश्यप, जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार, जिला आई टी प्रमुख विकास राणा मौजूद रहे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने सभी प्रकोष्ठों के प्रमुखों एवं विभाग प्रमुखों को आत्मनिर्भर भारत को लेकर जिला में होने वाले कार्यक्रमों की सफलता एवं भव्य रूप देने के लिए विचार विमर्श करते हुए उचित दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि देश को वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने के लिए, भारत निर्यात के लिए अधिक से अधिक उत्पादों के उत्पादन और आयात पर अपने खर्च को कम करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। जब किसी देश का निर्यात उसके आयात से अधिक होता है, तो उसकी अर्थव्यवस्था सकारात्मक दर से बढ़ती है।

### बैकक में स्वदेशी अपनाने पर दिया जोर

*इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा ने उपस्थित सभी को आग्रह किया कि वह स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी में अधिक से अधिक जनभागीदारी एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से मोदी जी के विकसित भारत में युवाओं का अधिक से अधिक योगदान हो इसके लिए युवाओं को इस मुहीम से जोडने का काम करें। इस बैठक में भूपेंद्र सिंह राणा, पवन वालिया, सुरेश जागलान, श्याम सिंह, सतीश गोयल, राजेंद्र गगसीना,विनय पोसवाल, लेखराज गर्ग,सुभाष चंद्र,श्याम सिंह राणा, बृज टक्कर, दिनेश तनेजा, मनमीत बाबा एवं सुधीर यादव, कार्यालय सह प्रमुख प्रमोद नागपाल सहित अन्य मौजूद रहे।*

# युवा फाउंडेशन हरियाणा एवं स्वर्णकार समाज के सदस्यों ने मनाई महाराजा अजमीढ़ की जयंती

- स्वर्णकार समाज के पदाधिकारियों ने नपा से की महाराजा अजमीढ़ जी चौक बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

युवा फाउंडेशन हरियाणा के सदस्यों एवं स्वर्णकार समाज के पदाधिकारियों ने घरौंडा की गऊचरांद सरंक्षण समिति गौशाला में महाराजा अजमीढ़ जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में गौ सेवा एवं पुष्पांजलि सभा कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वसमाज के सदस्यों ने महाराजा अजमीढ़ जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।



### अजमीढ़ जी महाराज के थे सच्चे धोतक

युवा फाउंडेशन हरियाणा सामाजिक संस्था के प्रधान योगेश वर्मा ने बताया कि अजमीढ़ जी महाराज किसी एक जाति या धर्म के गुरु नहीं, बल्कि समाजवाद के सच्चे धोतक थे। उन्होंने समाज में एकरूपता लाने का काम किया। उन्होंने स्वर्ण आभूषणों को बनाने का कार्य किया और आने वाली पीढ़ियों को यह हुनर विरासत में दिया। महाराजा अजमीढ़ मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के आदि पुरुष माने जाते हैं, जिन्होंने चंद्रवंश की 28वीं पीढ़ी में जन्म लिया था और वर्तमान अजमेर शहर की नींव रखी थी। वे भगवान श्रीराम के समकालीन और मित्र थे, एक पराक्रमी राजा थे और उन्हें आभूषण, खिलौने व बर्तन बनाने का शौक था, जो आगे चलकर उनके वंशजों का व्यावसायिक पेशा बना। समाज हर साल शरद पूर्णिमा के दिन उनकी जयंती मनाता है। इस अवसर पर पार्षद बलविंदर सिंहमार,सोमनाथ प्रजापति,जसवंत वर्मा , रघबीर सिंह वर्मा,रोशन लाल वर्मा , जोगिन्दर वर्मा,रविंदर राणा ,राजीव सेन , रिंकू राणा, मास्टर राजकुमार शर्मा आदि रहे।

---

### अपने साजन के लिए कल सजेंगी सुहागिनें, चांद का दीदार कर खोलेंगी व्रत



पिहोवा। शुक्रवार को देश भर में मनाए जाने वाले करवा चौथ के व्रत को लेकर धर्म नगरी पिहोवा में भी महिलाओं में भारी उत्साह पाया जा रहा है। करवा चौथ सुहाग का पर्व है। ऐसी मान्यता है कि इस व्रत को करने से सुहाग की उम्र लंबी होती है। साल में एक बार आने वाला यह पावन व्रत महिलाओं के लिए आस्था और समर्पण का प्रतीक है। नवविवाहित युवतियों में इस व्रत को मनाने के लिए उत्साह ज्यादा दिखाई दे रहा है। महिला कविता चक्रपाणि ने अपनी बात सांझा करते हुए कहा कि इस व्रत को लेकर मन में एक विशेष उत्साह सा बना रहता है। व्रत रखने में केवल धार्मिकता ही नहीं, बल्कि अपने जीवनसाथी के प्रति स्नेह और समर्पण भी दिखाई देता है। आज का दिन प्रेम और धैर्य की मिसाल है। इस दिन का उत्साह और सजना के लिए तैयार होना हमें और करीब लाता है। डॉ. प्रियंका मंगला का कहना है कि इस व्रत के दौरान संयम और धैर्य का अभ्यास महिलाओं की मानसिक शक्ति को मजबूत करता है। करवा चौथ का व्रत प्रेम, विश्वास और पति के प्रति समर्पण का प्रतीक है, जो पारिवारिक संबंधों को मजबूत बनाता है। यह पर्व उनके लिए बेहद मायने रखता है। पति के स्नेह के साथ-साथ उन्हे परिवार का पूरा सहयोग मिलता है।

## शहर में जगह जगह कट रही अवैध कॉलोनियां बढ़ा रहीं परेशानी

# अवैध कालोनी पर चला प्रशासन का पीला पंजा

- सशहर में 10 से 12 अवैध अवैध कॉलोनियों काटी जा रही है जिनकी जांच को लेकर प्रशासन सख्त हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

शहर में एक अवैध कॉलोनियों में सड़के बनाने का कार्य शुरू हो गया है। जिसको लेकर नगरपालिका पनोडी रोड स्थित एक कोटिया कॉलोनी में पीला पंजा चलाकर सड़को को ध्वस्त कर दिया। वहीं बरसत रोड पर एक कॉलोनी को नगरपालिका अधिकारियों ने नोटिस जारी कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार कॉलोनी में शीघ्र ही कार्यवाही की जाएगी। नगरपालिका की पीले पंजे की कार्रवाई से कालोनाइजरों में




घरौंडा। शहर में अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई करती नगरपालिका की टीम।



फोटो : हरिभूमि

हड़कम की स्थिति बनी हुई है। शहर में 10 से 12 अवैध अवैध कॉलोनियों काटी जा रही है, लेकिन डीटीपी व नगरपालिका की कार्यवाही के चलते अवैध कॉलोनियों में कंस्ट्रक्शन का कार्य बंद था, लेकिन अब धीरे धीरे कॉलोनियों में सड़के बनाने का कार्य शुरू हो गया है। बुधवार को नगरपालिका सचिव रविप्रकाश के नेतृत्व में कोटिया कॉलोनी में पीला पंजा लेकर पहुंचे और सड़के व बनाई गई नींवों को उखाड़ने का कार्य शुरू कर दिया। लगभग 45 मिनट तक चली कार्रवई में कई सड़के उखाड़ दी। प्रशासन की इस कार्रवाई से लोगों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

### बरसत रोड पर एक कॉलोनी को दिया नोटिस।

बरसत रोड सहित शहर में अन्य स्थानों पर अवैध कॉलोनियों काटी जा रही है। नगरपालिका सचिव रविप्रकाश के अनुसार बरसत रोड स्थित एक कॉलोनी को नोटिस जारी किया गया है। शीघ्र ही उस कॉलोनी पर भी कार्यवाही की जाएगी।

नगरपालिका सचिव रविप्रकाश ने बताया कि पनोडी रोड पर स्थित कोटिया कॉलोनी में पीला पंजा चलाकर सड़को को ध्वस्त कर दिया गया है। शहर में कोई भी अवैध कॉलोनी पनपने नहीं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बरसत रोड पर भी एक कॉलोनी में सड़के बनाने का कार्य शुरू हो गया। उसके मालिक को नोटिस जारी कर दिया है। शीघ्र ही उस कॉलोनी में कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### राम मोहन को सुब्बाराव सद्भावना पुरस्कार से नवाजा

**पानीपत।** ग्लोबल यूथ फेस्टिवल 2025 के समापन दिवस पर पानीपत के वरिष्ठ एडवोकेट और सामाजिक कार्यकर्ता राम मोहन राय को भाई जी सुब्बाराव सद्भावना पुरस्कार से नवाजा गया। यह पुरस्कार राष्ट्रीय युवा योजना नेशनल यूथ प्रोजेक्ट द्वारा प्रदान किया जाता है। पुरस्कार के रूप में उन्हें एक प्रशस्ति पत्र, एक शॉल और 51000 रुपये की राशि भेंट की गई। यह सम्मान न केवल राय के लंबे सामाजिक संघर्ष को मान्यता देता है, बल्कि भाई जी सुब्बाराव की विरासत को भी जीवंत करता है।

### पानीपत में बंदरों का आतंक, लोग परेशान

**पानीपत।** सुखदेव नगर पार्क में आज योग कक्षा के दौरान तेजेंद्र जुनेजा जो पार्क में सैर कर रहे थे। इसी दौरान पांच-सात बंदर एकदम उन पर टूट पड़े और उनके बाएं पैर पर काट लिया। यही नहीं बंदरों का वह झुंड ओमप्रकाश अरोड़ा की माता को कई जगह से काटा। जिसके बाद पार्क में योग कर रहे योग साधकों में हडक़म्प मच गया। सभी ने काफी मशक्त के बाद वहां से बंदरों को भगाया। वहीं सभी ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि बंदरों को पकड़ने का प्रबंध किया जाए ताकि सुखदेव नगर वासियों को कुछ राहत मिल सके। फिलहाल सुखदेव नगर वासी बंदरों के आंतक के बहुत परेशान हैं। बंदर घरों के बाहर रखे फूलों के गमले व अन्य सामान को उठाकर फैंक देते हैं। सुखते हुए कपड़ों को फाड़ देते हैं बच्चों को भी चोटिल करने का काम कर रहे हैं। इसलिए शीघ्र से शीघ्र इस गंभीर समस्या का समाधान कराए जाने की मांग सुखदेव नगर वासियों ने की है।

### भक्ति व श्रद्धा का केंद्र श्री राम शरणम पानीपत

**पानीपत।** युगों-युगों में कभी कोई महान सन्त अवतरित होते हैं जो संसार को ऐसी धरोहर दे जाते हैं जो युगों-युगों तक सब के लिए कल्याण कारी होती है। ऐसी ही एक धरोहर श्रीरामशरणम् पानीपत है जो सन्त शिरोमणि स्वामी सत्यानन्द जी महाराज ने हम सब को प्रदान की। स्थान-स्थान पर राम नाम का प्रचार करते हुए उनके हृदय में परमेश्वरीय वाणी द्वारा इस धरोहर का संस्कार तब स्फुरित हुआ जब एक उच्च कोटि की महान आत्मा मां शकुन्तला देवी जी शिष्या के रूप में उनके सम्पर्क में आई क्योंकि ऐसी अनमोल धरोहर तो ऐसे पवित्र हाथों में ही सौंपी जा सकती थी। 9 अक्तूबर 1960 करवाचौथ से अगली प्रातः हजारों श्रद्धालुओं का हृदय उमंग एवं कृतज्ञता से भरपूर था क्योंकि आज परम पूज्य बाबा सब के कल्याण के लिए एक वैकुण्ठ का द्वार अपने कर-कमलों द्वारा खोलने जा रहे थे। उद्घाटन पर स्पष्ट कहा कि मैं तो अपनी जीवन-यात्रा समाप्त कर चुका था, पर कोई काम राम ने लेने होंगे, उसने इस देह-दिये में अपनी शक्ति का तेल डाला है। उनकी यह बात सत्य तब हुई जब लगभग एक माह बाद 13 नवम्बर को उन्होंने अपना भौतिक चोला त्याग दिया।

## त्योहारी सीजन में बाजारों में सामान्य से ज्यादा भीड़ उमड़ी

# करवा चौथ और दिवाली को लेकर पुलिस अलर्ट

**बाजारों में ई रिक्शा, ऑटो व माल ढुलाई के अन्य वाहनों के प्रवेश पर सुबह 10 से रात 10 बजे तक प्रतिबंध : एसपी सिंह**



दिवाली पर यातायात जाम को लेकर बाजारों के प्रधानों की बैठक लेते एसपी भूपेंद्र सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने त्यौहारी सीजन में बाजारों की व्यवस्था व यातायात व्यवस्था को सुगम व सुचारु रुप से बनाए रखने के लिए आज पुलिस विभाग के सभागार में यातायात उप पुलिस अधीक्षक सुरेश सैनी के साथ बाजारों के प्रधानों की बैठक लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विचार विर्मश किया। बैठक में प्रधानों ने केवल सुझाव दिए बल्कि पुलिस के साथ सुधार में हर प्रसास में सहभागी बनने की बात कही। एसपी ने आश्वस्त किया कि सुधार के किसी भी प्रयास में पुलिस बाजारों के प्रधान और लोगों के साथ है। एसपी सिंह ने त्यौहारी सीजन में बाजारों में ज्यादा भीड़ हो जाती है।

### बैठक में ये मौजूद रहे

उसपी सिंह ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने व यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के लिए नियमों का उलंघना करने वालो के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यातायात उप पुलिस अधीक्षक सुरेश सैनी को निर्देश दिए कि संदिग्ध वाहन चालकों की गहनता से चेकिंग करवाएं, वर्जित पार्किंग एरिया में वाहनों को खड़ा न होने दें। बैठक में गौरव लीखा, अनिल मदान, दर्शन लाल वधवा, चंद्र सहगल, सुनील सिंगला, सुशील भराडा, मोहित बजाज, मोहिंदर हुडिया, प्रीतपाल सिंह, निशांत सोनी, अमन मुंजाल, संजय वर्मा, मीनाक्षी चावला, हैप्पी पुनानी, राजेश लूम्बा, कंवल खुराना, कर्मचंद नारंग व थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर दिवान सिंह, ट्रैफिक थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेश, किला थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर श्रीनिवास, थाना माडल टाउन प्रभारी सब इंस्पेक्टर जगमिंदर, ट्रेफिक इस्ट जोन इंचार्ज एएसआई संदीप व ट्रेफिक वेस्ट जोन इंचार्ज एएसआई संदीप मौजूद रहे।

### दुकानों के बाहर रेहड़ी व फड़ी लगवाने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी

इसलिए इंसार बाजार, हलवाई हट्टा, गुड़मंडी, पचरंगा बाजार, शाह मार्केट, अमर भवन चौक, चौडा बाजार आदी में ई रिक्शा, ऑटो व माल ढुलाई के अन्य वाहनों के प्रवेश पर सुबह 10 से रात 10 बजे तक प्रतिबंध का निर्णय लिया गया है। वहीं बाजार में दुकानों के बाहर रेहड़ी व फड़ी लगवाने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके अलावा बाजारों में व्यस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस की 10 राईडर के अतिरिक्त कमांडों की दो टीम निरंतर गश्त करेंगी। बाजारों में प्रवेश करने वाले 17 मुख्य प्वाइंट लालबती चौक, पालिका बाजार कट, गुरूद्वारा कट, पचरंगा बाजार, आरबीएल कट, एसडी कॉलेज कट, अमर भवन चौक, पशु अस्पताल वाली गली, दिल्ली जूस कार्नर, गंगापुरी चौक, कमल फर्नीचर, सलारगंज गेट, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, गुड़ मंडी, वीर भवन चुंगी, खेल बाजार व बैंक वाली गली पर बेरिकेडिंग के साथ नाका लगाकर बाजारों में वाहनों के प्रवेश को रोका जाएगा। वहीं जीटी रोड से गुरूद्वारा रोड ,जगननाथ रोड, एसडी कॉलेज के साथ लगता रोड ई रिक्शा, ऑटो व माल ढुलाई के अन्य वाहनों के लिए वन वे रहेगा।

## वन्य प्राणियों के अस्तित्व पर संकट

- वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज में 2 से 8 अक्टूबर तक मनाये जा रहे राष्ट्रीय वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया गया ताकि वे पर्यावरण संरक्षण और वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर संजीदा हो और इनकी रक्षा को सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पोस्टर और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसके विजेताओं को नकद पुरस्कार और सर्टिफिकेट्स से सम्मानित किया गया।



पक्षियों के लिए बनाए गए पक्षी आवास के साथ विद्यार्थी । *फोटो : हरिभूमि*

### कार्यक्रमों का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.अनुपम ने किया

कार्यक्रमों का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने किया। उनके साथ प्राणी शास्त्र विभाग से डॉ.प्रियंका चांदना, डॉ.राहुल जैन और वनस्पति शास्त्र विभाग से डॉ.रवि कुमार ने भी कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। कार्यक्रमों में आकर्षण का केंद्र विद्यार्थियों द्वारा पक्षी आवास स्थापना करना रहा। डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि भारतीय वन्य जीव बोर्ड का गठन भारत के वन्य जीवों की रक्षा के दीर्घकालिक लक्ष्यों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 1952 में किया गया था। अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति का अंधाधुंध दोहन करने में डूबे इंसान को इस बात का अंदाजा ही नहीं है कि वह अपने साथ-साथ लाखों अन्य जीवों के लिए इस धरती पर रहना कितना दूभर बनाता जा रहा है।

### विशेष उपलब्धियों वाली महिलाओं को दिए जाएंगे पुरस्कार : डीसी

**पानीपत।** हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाओं के राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर है। इच्छुक महिलाएं महिला एवं बाल विकास कार्यालय रेवाड़ी में 26 दिसंबर तक अपने आवेदन जमा करवा सकती हैं। यह पुरस्कार 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रदान किए जाएंगे। इस संबंध में अन्य किसी जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस को महिला एवं बाल विकास कार्यालय में सम्पर्क कर सकती है।

## बीज, कीटनाशक और उर्वरक डीलरों की अहम बैठक संपन्न



बैठक में भाग लेते जिला के बीज,कीटनाशक और उर्वरक विक्रेता व अधिकारी ।

**पानीपत।** कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ.आत्मा राम गोदारा की अध्यक्षता में आज बीज, कीटनाशक और उर्वरक विक्रेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कई महत्व पूर्ण निर्णय लिए गए। डॉ.गोदारा ने सभी डीलरों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने स्टॉक रजिस्टर का नियमित और सही रख-रखाव करें, ताकि किसी भी समय स्टॉक की जानकारी तत्काल उपलब्ध हो सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों को हर खरीद पर पक्का बिल देना अनिवार्य है। साथ ही, सभी डीलरों को निर्देशित किया गया कि वे अपने लाइसेंस की प्रति सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करें। उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ.देवेंद्र कुहाड़ ने चेतावनी दी कि नकली या मिलावटी बीज और कीटनाशकों की बिक्री किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## डीसी को सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन

- नूह में बूचडखानों की परमिशन को रद्द नहीं किया तो प्रदेश स्तर पर होगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत में बूचडखानों की परमिशन रद्द करने की मांग को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे गौशालाओं के प्रतिनिधि । *फोटो : हरिभूमि*

गोशाला महासंघ हरियाणा के तत्वावधान में पानीपत जिला की गौशालाओं के प्रधानों एवं प्रतिनिधियों ने हरियाणा सरकार द्वारा नूह ,मेवात में 30 बूचडखानों को दी गई परमिशन के विरोध में आज जिला सचिवालय परिसर में रोष जताया और नूह में सरकार द्वारा बूचडखानों को दी गई परमिशन को रद्द करने की मांग को लेकर उपायुक्त डा.वीरेंद्र कुमार दहिया को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान गौशाला महासंघ के जिला प्रधान एवं सिवाह गौशाला के प्रधान रविंद्र कादियानएगौशाला महासंघ के प्रदेश संयोजक कुलबीर खर्बए प्रदेश कोषाध्यक्ष हरिओम तायल, प्रदेश उपाध्यक्ष राजरूप पान्नू व बडौली गौशाला के कार्यकारी प्रधान रविंद्र मिटान बडौली आदि ने कहा कि नूह में पहले ही दो बूचडखाने चल रहे हैं और अब सरकार ने नूह में ही 28 अन्य बूचडखानों को भी परमिशन दी है। इस अवसर पर राजबीर सिंह कादियान सिवाह, आजाद सिंह, राजकुमार जलालपुर, कुलदीप रोहिल्ला, राजेश, सोमदत्त शर्मा व संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

### बकाया चारा अनुदान राशि जल्द दे सरकार

जिला प्रधान रविंद्र कादियान ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2025.26 के लिये गोवंश के लिये 595 करोड़ रुपये का बजट अनाउंस किया है और सरकार द्वारा गोशालाओं को चारे के लिये गायों के बछड़ों के लिये 10 रूपये, गायों के लिये 20 रुपये व सांड के लिये 25 रुपये रोजाना दिया जाता है। गोशालाओं को अभी तक मार्च 2025 तक की चारा अनुदान राशि मिली है।



## मतलौडा ब्लाक के 50 युवक हुए कांग्रेस में शामिल

**पानीपत।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष ग्रामीण रमेश मलिक के सेक्टर 25 ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कार्यालय पर आज ज्वाईनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें इसराना हलके के मतलौडा ब्लाक के करीब 50 युवक कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमेश मलिक ने सभी युवकों को पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस में शामिल किया। इस दौरान कांग्रेस नेता कंवर सिंह छौक्कर, बलवान वाल्मीकि व प्रवीन नारा भी मौजूद रहे। वहीं कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले सभी युवकों को जिला अध्यक्ष ग्रामीण रमेश मलिक ने विश्वास दिलाया कि पार्टी में उनको पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है, जिसमें कार्यकर्ताओं को सबसे ज्यादा मान सम्मान दिया जाता है। रमेश मलिक ने कहा कि सभी युवकों के कांग्रेस में शामिल होने से पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी। कांग्रेस में शामिल हुए युवकों विनोद प्रजापत, सोनी बोहत, ज्योति नारा, धनराज प्रजापत, सतबीर नारा, शमशेर नारा व विजय आदि ने बताया कि वे कांग्रेस पार्टी की कल्याणकारी नीतियों एवं जननायक राहुल गांधी की विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए हैं।



## महापौर कोमल सैनी बनी राष्ट्रीय सनातन सेना की राज्य संयोजक

पानीपत। राष्ट्रीय सनातन सेना भारत की हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष महिला इकाई बबीता सिंह ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवती प्रसाद शुक्ला एवं राष्ट्रीय संयोजक संदीप महाकाल के परामर्शानुसार पानीपत नगर निगम की महापौर कोमल सैनी को हरियाणा राज्य संयोजक महिला इकाई नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष बबीता सिंह एवं प्रदेश महासचिव ऊषा सैनी ने कोमल सैनी को नियुक्ति पत्र देकर शुभकामनाएं दी। बबीता सिंह ने कहा कि संगठन को पूर्ण विश्वास है कि कोमल सैनी के नेतृत्व, अनुभव और कार्यकुशलता से हरियाणा में महिला इकाई को नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त होगी। वहीं कोमल सैनी ने अपनी नियुक्ति पर संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाजसेवा, नारी सशक्तिकरण और सनातन मूल्यों के प्रचार-प्रसार के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगी। वहीं पानीपत जिला अध्यक्ष नीलम गखड़, हिसार अध्यक्ष ऋ तु सिंह, पानीपत महासचिव मेघा तनेजा, कोषाध्यक्ष मीनू अहलावत, संगठन सचिव पूनम पुनिया, प्रचार सचिव सीमा जून, कार्यकारणी सदस्य गुलशन हंस ने कोमल सैनी को शुभकामनाएं दी।

### पानीपत में रेलवे ट्रैक पर मिले युवक के शव का मामला : दोस्तों ने ही की थी हत्या

**पानीपत।** पानीपत के समालखा की न्यू दुर्गा कॉलोनी निवासी गगन ने करीब एक साल पहले लव मैरिज की थी। दोनों कई साल से एक दूसरे को जानते थे। शादी के बाद गगन के दोस्त नितिन का उसके घर आना जाना बढ़ गया था। इस दौरान गगन की पत्नी की नितिन से नजदीकियां बढ़ने लगी। जब गगन को इस बात का पता चला तो दोनों के बीच विवाद होने लगा। जीआरपी थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि आरोपी नितिन ने अपने दोस्त अजय के साथ करीब एक माह पहले गगन की हत्या का प्लान बनाया। आरोपियों ने अजय को पार्टी करने के बहाने 3 अक्टूबर को समालखा स्टेशन के पास बुलाया। ट्रैक के पास ही तीनों पार्टी करने लगे। इसी दौरान नितिन ने शटर के हैंडल और ईंट से गगन से सिर पर वॉर कर दिया। गगन की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपी गगन के शव को ट्रैक पर फेंककर फरार हो गए। जीआरपी प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि समालखा रेलवे ट्रैक पर मिला शव की कॉफी मुश्किल के बाद शिनाख्त हुई थी। शव ट्रेन से कट गया था। जो कई हिस्सों में था। पुलिस ने स्टेशन के पास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की। इसमें अजय और नितिन साथ जाते दिखाई दे रहे थे। गगन के पिता हीरालाल जीआरपी में सब इंस्पेक्टर थे।

### प्रतियोगिता सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाती है

## आईबी कालेज में हरियाणा संस्कृति पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की तरफ से हरियाणा संस्कृति विषय पर एक रंगोली प्रतियोगिता करवाई गई। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि यह प्रतियोगिता सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाती है और छात्रों को तनाव मुक्त व सकारात्मक महसूस करने में मदद करती है। जिससे उनके बौद्धिक और व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा मिलता है। वाणिज्य एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ.सुनित शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी अपनी क्षमता एवं अलग अलग रचनात्मक स्किल्स को विकसित करके ही जीवन में एक बड़ी उड़ान भरकर मंजिल तक पहुंच सकते हैं। इस अवसर पर प्रो.अजय पाल सिंह, माधवी और डॉ.ज्योति गहलोत, निशा गुप्ता, सोनिया विरमानी, डॉ.नीलम दहिया, डॉ.निधान सिंह, डॉ.विक्रम, डॉ.प्रवीण, अश्विनी गुप्ता, राजेश बाला, रूहानी, साक्षी मुंजाल, करुणा सचदेवा, निशा गुप्ता, रीना रानी, मनीत कौर, आकांक्षा शर्मा, सुखजिंदर सिंह, सोनिया विरमानी, निशा गोयल, जागृति आदि मौजूद रहे।



### डीसी ने अधिकारियों को मिशन के पदाधिकारियों का सहयोग करने के दिए निर्देश

# निरंकारी संत समागम की अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी

- निरंकारी समागम को लेकर मिशन के पदाधिकारियों व जिला प्रशासन की हुई संयुक्त बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** संत निरंकारी समागम में लेकर बैठक लेते डीसी डा.दहिया व एसपी सिंह।

आगामी 31 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक समालखा स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर मिशन द्वारा आयोजित किए जाने वाले 78 वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की व्यवस्था को लेकर निरंकारी मिशन के पदाधिकारियों द्वारा आज जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ जिला सचिवालय में सयुक्त बैठक आयोजित कि इस बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने की। इस मौके पर निरंकारी मिशन के विभिन्न पदाधिकारी में उपस्थित रहे। बैठक में समागम की व्यवस्था को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। उपायुक्त ने कहा कि समागम के पदाधिकारियों ने बताया कि इस अध्यात्मिक समागम में देशभर से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, इसलिए निरंकारी मिशन की ओर से किए गए अनुरोध पर जिला प्रशासन की ओर से व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरा सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को समन्वय के साथ समय पर कार्यों को करने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि हमें मूलभूत सुविधाओ पर जोर देना है। भोडवाल माजरी, रेलवे स्टेशन और अन्य स्थानों पर पोर्टेबल टॉयलेट्स की व्यवस्था की जाए। पानीपत, नई दिल्ली व आनंद विहार रेलवे स्टेशन से समागम स्थल तक पहुंचाने के लिए हरियाणा रोडवेज एवं निजी बस ऑपरेटरों की सेवाएं ली जाएंगी। जीएम रोडवेज को इस संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### हेल्पलाइन नंबर पर एंबुलेंस सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी

साथ ही, आईसीयू बेड, सामान्य बेड, डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। हेल्पलाइन नंबर पर एंबुलेंस सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। सिविल सर्जन को चिकित्सा सेवा देने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने बिजली आपूर्ति की विशेष तैयारी को लेकर कहा कि समागम स्थल पर 11 केवी का अस्थाई बिजली कनेक्शन यूएचबीवीएन की ओर से दिया जाएगा। तीन हजार किलोवॉट बिजली एसबी-पानीपत व कार्यकारी अभियंता समालखा से उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही भक्ति निवास में बिजली आपूर्ति की क्षमता 49 के डब्ल्यू से बढ़ाकर 101 के डब्ल्यू करने के भी निर्देश दिए गए। यही नहीं उपायुक्त ने ध्वनि प्रणाली व सुरक्षा व्यवस्था समागम के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग की अनुमति के लिए उप मंडल समालखा से औपचारिक अनुमति लेना सुनिश्चित करें। सुरक्षा के मद्देनजर समागम स्थल के पास, जी टी रोड पर और भोड़वाल माजरी रेलवे स्टेशन पर पुलिस पोस्ट स्थापित किए जाएंगे। उपायुक्त ने सभी विभागों से आग्रह किया कि समागम को दिव्य, भव्य और शांतिपूर्ण ढंग से समापन किया जाए। आगामी समय में इसकी समीक्षा की जाएगी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, निगम अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी, एसडीएम मनदीप कुमार, सीईओ डॉ किरण सिंह, एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना नवदीप नैन, नगराधीश टीनू पोसवाल,सीएमओ विजय मलिक, डीएसपी सुरेश सैनी,डीएसपी समालखा नरेंद्र कादयान, डीडीपीओ राजेश शर्मा, बिजली विभाग के एससी धर्म सिहाग, तहसीलदार वीरेंद्र गिल, सौरभ शर्मा, नरेंद्र दलाल, निरंकारी मंडल सचिव जोगिंदर सुखीजा आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सौंपा डीसी को ज्ञापन

पानीपत। राकेश किशोर एडवोकेट पर राजद्रोह का मुकदमा दर्ज कर उसे कड़ी सजा देने, हरिओम वाल्मीकि रायबरेली की हत्या में शामिल व्यक्तियों पर हत्या, अनुसूचित जाति अधिनियम एवं राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम का मुकदमा दर्ज कर उसे कड़ी सजा देने की मांग करते हुए आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग हरियाणा नरेंद्र भिवान एडवोकेट की अध्यक्षता में राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त डा.वीरेंद्र दहिया को सौंपा गया। एडवोकेट नरेंद्र भिवान ने कहा कि अधिवक्ता राकेश किशोर ने जो किया वो सीधे सीधे राष्ट्रीय प्रतीक का अपमान न्यायालय की अवमाना, एवं राजद्रोह है। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मनोज वाल्मीकि, एडवोकेट सूर्यवीर कादियान, राजेंद्र कंडेला, मनीष मलिक,राजवीर पोडिया, एडवोकेट अशोक ग रोवर व प्रदीप कौशिक आदि मौजूद रहे।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**सरोज रानी पत्नी श्री शाम लाल निवासी मकान नम्बर 398/8 वार्ड-16 कुम्हार मोहल्ला पानीपत**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक !**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है सरोज रानी पत्नी श्री शम लाल निवासी मकान नम्बर 398/8 वार्ड-16 कुम्हार मोहल्ला पानीपत ने वारसान तसदीक हेतु पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पति शाम लाल पुत्र श्री दासू राम की दिनांक 23.7.2024 को मृत्यु हो चुकी है मृतक की माता श्रीमति पार्वती की मृत्यु काफी अरसे पहले हो चुकी है- यह कि शाम लाल की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं हल्का पटवारी एवं नगर पार्षद अमित नांरग वार्ड-15 द्वारा अपनी रिर्पोट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है

1. सरोज रानी पत्नी है

मृतक का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है

इनके इलावा मृतक शाम लाल का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस / इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा !

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 8.10.25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।

**हस्ता/- तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**पुष्पेन्द्र गर्ग पुत्र श्री धनपत राय गर्ग निवासी देसराज कालोनी, पानीपत।**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

**इन्तकाल करने बारे नोटिस**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी पुष्पेन्द्र गर्ग पुत्र श्री धनपत राय गर्ग निवासी देसराज कालोनी, पानीपत ने इस कार्यालय में एक दरखास्त प्रस्तुत करके कहा है कि जायदाद दर खसरा नम्बर 89//13/2-14 किते 2 रकबा 12 कनाल 7 मरले का 2/247 भाग बाकदर रकबा 02 मरले जिसका निजी मकान नं 11506 बारकबा 60 वर्गगज वाका पति तरफ मखदुमजादगान बरूवे वसीयतनामा वसीका नम्बर 687 दिनांक 08.02.2012 एस. आर. पानीपत अनुसार प्रार्थी के पिता जी स्व. श्री धनपत राय गर्ग पुत्र श्री सीताराम की खरीदकर्ता मलकीयत व मकबूजा है। जिसका इन्तकाल दर्ज व मन्जूर नहीं हो सका। इसलिये इस नोटिस के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त जायदाद सम्बंधित वसीका के इन्तकाल का फैसला/ दर्ज/मन्जूर होने पर किसी भी व्यक्ति को या वारिस को या अन्य किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति किसी भी कार्य दिवस में असालतन या वकालतन इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 10 दिन के अन्दर अन्दर मेरे कार्यालय में पेश कर सकते हैं। रकबा/ऊपर दर्शायी गयी वसीका का इन्तकाल है। बाद गुजरने मियाद उक्त रकबा/ऊपर दर्शाई गई वसीका का इंतकाल नियमानुसार दर्ज/मंजूर कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 08.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/- तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

